हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

9 महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा से समृद्ध परिवार...



10 सहकारिता व पर्यटन मंत्री ने 95 करोड़ से 8 जिलों के 20 ऐतिहासिक...



# अटेली में नए बस स्टैंड व अनाज मंडी गेट से 30 साल पुराने 58 अवैध खोखों व दुकानों को हटाया

- नगर पालिका ने पहले नोटिस चस्पाएं थे, खोखा संचालकों व रेहड़ी संचालकों में खलबली मची
- खोखों के सामने रोजी-रोटी का संकट, मुख्य बाजार हुआ खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली कस्बे में वीरवार को नए बस स्टैंड व अनाज मंडी गेट के आसपास से 30 साल पुराने करीब 58 अवैध-खोखों व दुकानों को हटाया गया। इससे यह मार्ग अतिक्रमण मुक्त हो गया। अटेली नपा ने व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर हटाया। नपा द्वारा पहले नोटिस देने के साथ ही वहां चस्पाएं गए थे। खोखा संचालकों व रेहड़ी संचालकों में खलबली मची हुई है। खोखे संचालकों के सामने रोजी रोटी का संकट बना, मुख्य बाजार हुआ खुला, लोगों की मिलीजुली प्रतिक्रिया सामने आ रही है।

लंबे समय से रोड के साथ अवैध खोखों के कारण वाहन चालकों का निकलना दूभर बना हुआ था। अपनी आजीविका का साधन हटने से पहले, खोखा संचालकों ने स्वास्थ्य मंत्री को भी ज्ञापन सौंपा था, लेकिन कोई लाभ नहीं मिला। रेहड़ी संचालकों व खोखा संचालकों का कहना है कि वो सड़क पर आ गए हैं तथा बच्चों के लिए रोजी रोटी के लाले पड़ गए हैं। रेहड़ी संचालक दयाराम, पंकज कुमार, जावेद खान, नत्थू राम, महेंद्र, किशन पाल आदि ने बताया कि बस स्टैंड के आसपास रेहड़ी, ठेला आदि लगाकर अपने परिवारों को पाल रहे थे। वहीं जागरूक लोगों का कहना है कि अवैध खोखों हटने से मुख्य मार्ग चौड़ा हो गया है, अब वाहन चालकों किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। बस स्टैंड के साथ उनिंदा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक चार करोड़ की लागत से नाला भी बनना है। इसलिए इनको हटाना भी जरूरी था। रेहड़ी वालों को किसी भी तरह से परेशान नहीं किया जा रहा है।



मंडी अटेली। अटेली में अतिक्रमण हटाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

## प्रशासन का शहरी स्वच्छता अभियान जारी

सेवा पर्व के उपलक्ष्य में वीरवार जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह के मार्गदर्शन में शहरी स्वच्छता अभियान 2025 के तहत नारनौल सहित सभी शहरों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता और जागरूकता गतिविधियां चलाई गईं। इस दौरान नारनौल में महावीर चौक से हीरो होंडा चौक तक सड़क और नालियों की सफाई की गई, जबकि शहर के गरबेज वल्नरेबल पॉइंट को भी साफ किया गया। इसी कड़ी में, महेंद्रगढ़ में भी सड़क किनारे की नालियों की सफाई की गई, जबकि अटेली में डिवाइडर की सफाई के साथ अतिक्रमण हटाने का अभियान भी चलाया गया। स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारनौल नगर परिषद के प्रवेश द्वार पर रंग-रोगन किया गया और कनीना में शहीद स्मारक को साफ किया गया। जागरूकता फैलाने के लिए कनीना में आंगनवाड़ी केंद्र में स्रोत पृथक्करण के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त नारनौल के यदुवंशी स्कूल में निबंध लेखन और नांगल चौधरी के एक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वहीं शहर में विज्ञापन हटाने के लिए एंटी-डिफेसमेंट ड्राइव भी चलाई गई। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए महावीर चौक से हीरो होंडा चौक तक और कनीना में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। जन स्वास्थ्य के लिए नांगल चौधरी के सिविल अस्पताल में फॉगिंग भी की गई।

## सरकारी जमीन पर खोखे रख वसूल रहे अवैध किराया

नगरपालिका सचिव प्रशांत पाराशर ने बताया कि रोड के साथ अवैध खोखों व अतिक्रमण से आम जनता काफी परेशान थी। अनेक लोगों ने सरकारी जगह पर बड़े-बड़े खोखे कर करने के साथ किराए पर दिए हुए थे। नपा सचिव ने बताया कि इसके बाद पावर हाउस के साथ लगे खोखों तथा उसके सामने कुछ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण के साथ अवैध कब्जे किए हुए थे। कुछ सेठ तथा कुछ लोग खोखों को किराए पर देकर सरकारी जमीन का एक तरह से अवैध किराया वसूल रहे थे। ऐसे लोगों का चिह्नित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### पेट दर्द से पीड़ित लड़की की हुई मौत

**मंडी अटेली।** भोड़ी में पेट दर्द से परेशान लड़की को मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय भोड़ी निवासी रेनू पुत्री बाबुलाल के करीब सायं पांच बजे पेट में दर्द हुआ था। उसके बाद ज्यादा पेट में दर्द होने से लड़की के परिजनों द्वारा उसको नारनौल के अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर उसकी करीब रात्रि नौ बजे मौत हो गई।

### फीडर की बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

**नारनौल।** सब-अर्बन सब डिवीजन के उपमंडल अधिकारी लोकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 सितंबर शुक्रवार को दोपहर दो से छह बजे तक 765 केवी की लाईन पर कार्य के चलते 33 केवी हसनपुर पावर से श्रीश्याम डीएस फीडर की सप्लाई बाधित रहेगी। जिसके अंतर्गत आने वाला एरिया गांव हसनपुर, कोरियासवा, कुलताजपुर, थाना, मेडिकल कालेज आदि क्षेत्रो की सप्लाई बाधित रहेगी।

### चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** घर में घुसकर सामान चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सोनू वासी पालड़ी के रूप में हुई। आरोपित को पालड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया, जिससे पूछताछ में मोटरसाइकिल, एलईडी, एलसीडी बरामद की गई है। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### श्रीविष्णु भगवान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा आज से

**महेंद्रगढ़।** रेलवे रोड स्थित श्रीविष्णु भगवान मंदिर परिसर में 19 से 25 सितंबर तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास श्रीधाम वृंदावन से पधारे हित श्याम देव महाराज रहेंगे। विष्णु सेवा समिति के कोषाध्यक्ष रामानंद शर्मा ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2:15 बजे से सायं 5:15 बजे तक होगी।

### प्रजापति महासभा की बैठक 21 को

**मंडी अटेली।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा जिला महेंद्रगढ़ इकाई की कार्यकारिणी की बैठक 21 सितंबर रविवार को बाबा खेतानाथ मंदिर में सुबह नौ बजे की जाएगी। जानकारी देते हुए महासभा के जिला सचिव अशोक कुमार खोवाल ने बताया कि बैठक में पिछले वर्ष का लेखा-जोखा पेश किया जाएगा और महासभा की ओर से समाज हित में कार्यक्रमों के बारे में मंथन किया जाएगा।

### विशेष शिकायत निवारण शिविर 21 व 22 को

**नारनौल।** सेवा पर्व के तहत 21 व 22 सितंबर को तहसील कार्यालय में विशेष शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। नायब तहसीलदार करण कुमार ने बताया कि 21 व 22 सितंबर को तहसीलदार कार्यालय में लगने वाले विशेष शिकायत निवारण शिविर में कोई भी आमजन राजस्व मामलों, बंटवारे, लंबित नामांतरण से संबंधित शिकायतों का निवारण करवा सकते हैं।

## फिजिकल काउंसिलिंग के माध्यम से ऑन द स्पॉट होंगे दाखिले, जरूरी कागजात के साथ पहुंचे विद्यार्थी

# स्नातक में दाखिला लेने का विद्यार्थियों के पास अंतिम अवसर, अभी भी कॉलेज में है अधिकाशं सीट खाली

- चार चरण की दाखिला प्रक्रिया के बाद भी कॉलेज में सीट रह गई खाली, जुलाई माह में शुरू हुई थी दाखिला प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

स्नातक में दाखिले से वंचित विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को आवेदन करने का एक अंतिम अवसर होगा। विद्यार्थी कॉलेज में पहुंचकर फिजिकल काउंसिलिंग में भाग लेकर दाखिला प्रक्रिया में भाग ले सकते है। कॉलेजों में चार चरण की दाखिला प्रक्रिया के बाद भी अधिकाशं सीट खाली है।

बता दें कि जून माह में उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से स्नातक कोर्स के दाखिले का शेड्यूल जारी किया गया था। विभाग की ओर से कॉलेजों 14 से 17 मई तक पोर्टल पर डाटा अपलोड़ करने का समय दिया गया था। वहीं विद्यार्थियों को नौ जून तक ऑनलाइन आवेदन करने का समय दिया गया था। लेकिन कॉलेज में करीब 50 प्रतिशत सीट खाली रह गई थी। ऐसे विभाग की ओर से एक सप्ताह के लिए अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया था। आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अभी भी कॉलेजों में 30 प्रतिशत सीटे खाली रह गई थी। 26 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। वहीं मेरिट लिस्ट में शामिल विद्यार्थी 30 जून तक फीस भर कॉलेज में दाखिला लेने का समय दिया गया था। इसके बाद विभाग की ओर से 2 जुलाई को अस्थायी दूसरी मेरिट सूची तथा 3 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट सूची जारी की गई थी। 4 से 7 जुलाई तक मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थी फीस जमा करने का समय दिया गया था। 9 जुलाई को खाली सीटों पर फिजिकल काउंसिलिंग के माध्यम से दाखिले हुए थे। इसके बाद विभाग की ओर से एक बार फिर से पोर्टल ओपन कर दिया गया है। इस दौरान 11 से 17 जुलाई तक विद्यार्थी 100 रुपये देकर आवेदन कर दाखिला लेने तथा 18 से 24 जुलाई तक विद्यार्थी फिजिकल काउंसिलिंग में शामिल होकर प्रतिदिन 100 रुपये के हिसाब अतिरिक्त फीस भरकर दाखिला लेने का अवसर दिया गया था। लेकिन इसके बाद कॉलेजों में काफी सीटें खाली रह गई थी। खाली सीटों को देखते हुए विभाग की ओर से दो बार फिर से पोर्टल ओपन कर दिया गया था।




### राजकीय महाविद्यालय अटेली

| कोर्स | कुल सीट | दाखिला | खाली सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 480 | 361 | 19 |
| बीकॉम | 80 | 41 | 39 |
| बीसीए | 60 | 97 | 63 |
| फिजिकल साइंस | 160 | 57 | 03 |

### राजकीय महाविद्यालय कनीना

| कोर्स | कुल सीट | दाखिला | खाली सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 640 | 469 | 171 |
| बीकॉम | 160 | 37 | 123 |
| लाइफ साइस | 80 | 76 | 04 |
| फिजिकल साइंस | 320 | 163 | 157 |

### राजकीय महाविद्यालय कृष्णनगर

| कोर्स | कुल सीट | दाखिला | खाली सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 240 | 217 | 23 |
| बीकॉम | 80 | 10 | 62 |
| फिजिकल साइंस | 80 | 54 | 26 |

### राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़

| कोर्स | कुल सीट | दाखिला | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 600 | 455 | 145 |
| बीकॉम | 80 | 61 | 19 |
| बीसीए | 40 | 36 | 4 |
| लाइफ साइंस | 160 | 103 | 57 |
| फिजिकल साइंस | 400 | 191 | 203 |

### राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ

| कोर्स | कुल सीट | दाखिला | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 720 | 353 | 323 |
| अंग्रेजी ऑनर्स | 40 | 13 | 27 |
| बीकॉम | 160 | 26 | 134 |
| लाइफ साइंस | 80 | 70 | 10 |
| फिजिकल साइंस | 80 | 60 | 20 |

### राजकीय महाविद्यालय नांगल चौधरी

| कोर्स | कुल सीट | दाखिला | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 400 | 362 | 38 |
| बीकॉम | 80 | 70 | 10 |
| फिजिकल साइंस | 80 | 37 | 43 |

### राजकीय महाविद्यालय नारनौल

| कोर्स | कुल सीट | दाखिला | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 660 | 372 | 208 |
| बीबीए | 40 | 39 | 01 |
| बीकॉम | 240 | 108 | 132 |
| बीसीए | 40 | 39 | 01 |
| लाइफ साइंस | 160 | 151 | 09 |
| फिजिकल साइंस | 400 | 185 | 215 |

### राजकीय महाविद्यालय सतनाली

| कोर्स | कुल सीट | दाखिला | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 380 | 380 | 00 |
| बीकॉम | 80 | 45 | 35 |
| लाइफ साइस | 60 | 00 | 00 |
| फिजिकल साइंस | 180 | 64 | 116 |

### राजकीय महाविद्यालय सिहमा

| कोर्स | कुल सीट | दाखिला | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 160 | 102 | 58 |
| बीकॉम | 80 | 14 | 66 |

### राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी

| कोर्स | कुल सीट | दाखिला | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 240 | 138 | 98 |
| बीकॉम | 40 | 20 | 20 |
| फिजिकल साइंस | 80 | 48 | 32 |

### राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली

| कोर्स | कुल सीट | दाखिला | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 300 | 241 | 59 |
| बीकॉम | 80 | 33 | 47 |
| फिजिकल साइंस | 120 | 46 | 74 |

### राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल

| कोर्स | कुल सीट | दाखिला | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 800 | 467 | 333 |
| बीकॉम | 160 | 68 | 92 |
| लाइफ साइस | 120 | 118 | 2 |
| फिजिकल साइंस | 120 | 103 | 17 |

## भूप कॉलोनी में छत्त से गिरने पर व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** शहर की भूप कॉलोनी में छत से गिरने पर करीब 65 वर्षीय गोपीराम जांगिड़ की अकाल मौत हो गई। पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गोपीचंद सवेरे घूमने-फिरने उपरांत घर आ गया था। घर पर आकर वह लेट भी गया था, लेकिन तभी बिजली चली गई। बिजली कटने पर उसने कुछ गर्मी एवं घबराहट महसूस की, जिस पर वह छत के ऊपर चला गया। जब वह छत पर टहल रहा था, तब उसको बैलेंस बिगड़ गया और वह तीन मंजिला भवन की छत से नीचे आ गिरा। गिरने से उसे चोटें लगी, जिस पर परिजन उपचार के लिए उसे शीघ्रता नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक गोपीचंद बढ़ई का कार्य करता था। उसे तीन लड़के हैं, जो तीनों ही कारपेंटर का कार्य करते हैं।

## बाइक को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, एक भाई की मौत, दूसरा घायल

- मृतक का ढाई साल पूर्व हुआ था विवाह, परिवार उसी पर ही था आश्रित, परिजनों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली-सिहमा मार्ग पर वीरवार को तिगरा बणी के समीप बाइक चालक को एक ट्रैक्टर चालक ने चपेट में ले लिया, जिसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई घायल हो गया। बाइक चालक अटेली कस्बे में एक दुकान पर सब्जी विक्रेता के पास मजदूरी कर अपने गरीब परिवार को चलाता था। युवक का विवाह ढाई साल पहले 2022 में हुआ था। युवक की मौत पर गांव में मातम छाया हुआ है।

गांव सिहमा निवासी 34 वर्षीय रविंद्र अपने छोटे भाई राज कुलदीप के साथ बाइक पर बैठकर हर रोज की तरह मंडी अटेली में मजदूरी के लिए आ रहा था। तिगरा की बणी के समीप तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने दोनों भाईयों को चपेट ले लिया, जिसमें रविंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पा कर गांव सिहमा व अटेली कस्बे में सब्जी विक्रेता की दुकान पर काम करने वाले किशन सैनी मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की। सब्जी विक्रेता ने बताया कि रविंद्र लंबे समय से उसके पास काम कर रहा था। वह अपने लड़के की तरह रखता था, उसके चले जाने से वह आहत है। उसके पिता बेहद गरीब हैं तथा मां भी बीमार रहती है। उसका विवाह ढ़ाई साल पहले हुए था तथा वह अपने पीछे डेढ़ साल का बच्चा छोड़ कर चला गया है।

मृतक के घायल भाई राज कुलदीप ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। हम अपने ठीक साइड से आ रहे थे। गांव के सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने बताया कि मृतक अनुसूचित जाति से संबंध रखता है तथा अटेली में आजीविका के लिए जाता था। इसलिए मंत्री आरती सिंह राव तथा नारनौल के विधायक से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की जाएगी।

थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई कर रही है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।



मंडी अटेली। मृतक के परिजन अटेली अस्पताल में बाहर खड़े हुए। फोटो : हरिभूमि

## हादसे के 7 दिन बाद उपचार के दौरान युवक की मौत

**नारनौल।** करीब एक सप्ताह पहले सड़क हादसे में घायल हुए युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। जानकारी के अनुसार सिहमा निवासी सुनील कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसका भाई राधे कृष्ण गत 10 सितंबर को खेतों में बनाए गए घर से बाइक पर सवार होकर बस स्टैंड की ओर आ रहा था। सागरपुर गांव की ओर से आ रही बाइक ने उसको टक्कर मार दी। इस हादसे में राधेकृष्ण बुरी तरह घायल हो गया। वहीं हादसे के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को सिहमा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से डाक्टरों ने उसको नारनौल रेफर कर दिया। नारनौल के नागरिक अस्पताल से भी उसको अधिक चोटों के कारण रेफर कर दिया गया। जिस पर उसे इलाज के लिए पीजीआईएमएस रोहतक लेकर जाया गया, लेकिन परिजन वहां से भी संतुष्ट नहीं हुए तो वह उसे जयपुर के एक प्राइवेट अस्पताल लेकर गए, जहां उपचार के दौरान राधेकृष्ण ने करीब दस दिन बाद दम तोड़ दिया।

## पिछले साल की 30 सीटों की तुलना में इस बार और बढ़ी हैं 33 सीटें

# राजकीय बाबा खेतानाथ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में एडमिशन शुरू, 19 सीटें अलॉट

- पटीकरा में बने राजकीय बाबा खेतानाथ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में इस बार 63 सीटों पर दिए जाने हैं एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

राजकीय बाबा खेतानाथ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में बीएएमएस के एडमिशन शुरू हो गए हैं। पहली खेप के रूप में मेडिकल कॉलेज को 19 सीटें अलॉट की गई हैं। इन सीटों के लिए विद्यार्थियों की सूची मेडिकल कॉलेज को प्राप्त हो गई है तथा एडमिशन किए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया गत 17 सितंबर से शुरू हुई है, जो सीटें भरने तक जारी रहेगी। इस बार आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में 63 सीटों पर एडमिशन होने हैं।

उल्लेखनीय है कि गांव पटीकरा में राजकीय बाबा खेतानाथ आयुर्वेद अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज बना है। इस मेडिकल कॉलेज में आयुर्वेद का कोर्स कराया जाता है। इस कोर्स में एडमिशन नीट परीक्षा में आई रैंकिंग के आधार पर होता है। इस बार इस कॉलेज को एडमिशन के लिए 63 सीटें अलॉट हुई हैं। इसमें से 54 सीटें स्टेट गवर्नमेंट के अनुरूप भरी जानी हैं, जबकि नौ सीटें नीट की ऑल इंडिया रैंकिंग के आधार पर भरी जानी हैं।



नारनौल। आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज भवन। फोटो : हरिभूमि

### शुरू में थी बीएएमएस की 100 सीटें

जब वर्ष 2022 में बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज की शुरुआत हुई थी, तब बीएएमएस की 100 सीटें मिली थी, लेकिन टीचर्स एवं इंफ्रा में भारी कमी के कारण वर्ष 2023 में सीटें घटकर 70 और 2024 में घटकर महज 30 सीटें ही रह गई थी, लेकिन अबकी बार पिछली बार की 30 सीटों की तुलना में 33 सीटें बढ़ाई गई हैं। इस प्रकार अबकी बार 63 सीटों पर एडमिशन होना है।

### यह कहते हैं प्रिंसिपल



बाबा खेतानाथ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डा. एमएस श्रीनिवास गुज्जरवार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की बीएएमएस सीटों पर एडमिशन शुरू हो गया है। पहली खेप के रूप में 19 विद्यार्थी को यहां की बीएएमएस की सीटें अलॉट हुई हैं और यह सिलसिला सीटें फुल होने तक जारी रहेगा। इस बार 63 सीटों पर एडमिशन किए जाने हैं।



- अवैध खनन के लिए प्रयोग होने वाले रास्ते को किया बंद : सहायक खनन अभियंता

नारनौल। अवैध खनन के लिए प्रयोग होने वाले रास्ते में गड्ढे खोदती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि


## ट्रक को अवैध खनिज सहित पकड़कर किया बंद

**नारनौल।** जिला में अवैध खनन को लेकर खनन विभाग द्वारा निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सहायक खनन अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि एक ट्रक को अवैध खनिज सहित पकड़कर बंद करवाया गया। इसके अलावा खनन विभाग की टीम ने गांव बायल व पांचनौता में भी चेकिंग की। उन्होंने बताया की चेकिंग के दौरान दोनों गांवों में पहाड़ में जाने वाले रास्ते व अवैध खनन के लिए प्रयोग किए जाने वाले रास्तो पर जेसीबी मशीन से खाई व गड्ढे खुदवा कर रास्ते को बंद किया गया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए खनन विभाग की कार्यवाही आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगी।

स्पेशल: बैटमैन-डे, 20 सितंबर

बच्चो, तुमने बैटमैन की कॉमिक्स पढ़ी होंगी या फिर उसकी फिल्में जरूर देखी होंगी। तुममें से कई बच्चों का तो फेवरेट कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन होगा। दुनिया के सबसे फेमस फिक्शनल कैरेक्टर्स में से एक बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग और इंटरेस्टिंग बातें यहां बता रहे हैं।

# इंटेलिजेंट-टेक्नोस्मार्ट वॉरियर कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन



फिक्शनल कैरेक्टर
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुम बैटमैन के कॉमिक्स खूब चाव से पढ़ते होगे। टीवी पर उसके कार्टून फिल्म्स या बैटमैन सीरीज की मूवीज भी देखी होंगी। तुम्हें पता है, इस सुपरहीरो कार्टून कैरेक्टर बैटमैन को याद करने के लिए एक खास दिन निश्चित किया गया है? हर साल सितंबर महीने के तीसरे शनिवार को बैटमैन-डे मनाया जाता है। इस बार बैटमैन-डे कल यानी 20 सितंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर जानो, बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

**साहसी-चतुर और टेक्नो एक्सपर्ट:** जहां अधिकतर कॉमिक सुपरहीरोज अपनी आलौकिक शक्तियों यानी सुपर नेचुरल पॉवर्स के लिए जाने जाते हैं। अपनी इन्हीं शक्तियों के दम पर वे विलेन पर जीत हासिल करते हैं। वहीं बैटमैन के पास कोई सुपर नेचुरल पॉवर नहीं है। उसका साहस, स्ट्रेटजी बनाने की स्किल, हार्ड ट्रेनिंग, बुद्धिमत्ता और टेक्नोलॉजी यूज करने की काबिलियत उसे उसके लक्ष्य तक पहुंचाती हैं और जीत दिलाती है। वह 127 मार्शल आर्ट फॉर्म्स में एक्सपर्ट है।



**86 साल पुराना कैरेक्टर:** बैटमैन को पहली बार अब से 86 साल पहले मई 1939 में डिटेक्टिव कॉमिक्स के 27वें अंक में पेश किया गया था। इसमें बैटमैन की इमेज क्रिएट की थी आर्टिस्ट बॉब केन ने और इसके लेखक थे, बिल फिंगर।

**छा गया हर ओर:** शुरुआती दिनों में तो बैटमैन को स्टोरी कॉमिक्स कैरेक्टर के रूप में पढ़ा जाता था। लेकिन कुछ ही समय में बैटमैन का कैरेक्टर इतना फेमस हुआ कि यह कॉमिक्स से आगे बढ़कर फिल्मों, टीवी शोज, वीडियो गेम्स और यहां तक कि कई सारे प्रोडक्ट्स के ब्रांड के रूप में भी दिखाई देने लगा।

**बहुत अमीर है बैटमैन:** बैटमैन का मूल नाम ब्रूस वेन है। सामान्य अवस्था में वह इसी रूप में रहता है। ब्रूस वेन को अकसर कॉमिक बुक के इतिहास में सबसे धनी पात्रों में से एक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसकी अनुमानित संपत्ति अरबों में है। ब्रूस वेन के इनकम का मुख्य सोर्स उसके परिवार की कंपनी वेन एंटरप्राइजेज है।

**जानता है कई भाषाएं:** बैटमैन कुल दस भाषाओं में बात कर सकता है। इनमें से सात भाषाएं वह धाराप्रवाह बोलता है। ये भाषाएं हैं- कैंटोनीज स्वाहिली, जापानी, स्पेनिश, फ्रेंच, अंग्रेजी, रूसी और इतालवी। साथ ही जर्मन और वियतनामी दो भाषाएं ठीक-ठाक और एक भाषा क्रिप्टोनियन अटक कर कामचलाऊ बोलता है।

**बैटमैन की हेल्प करते हैं रॉबिंस:** बैटमैन के कई सहायक पात्र भी हुए हैं, जिन्होंने रॉबिन की भूमिका निभाई है। जिनमें डिक ग्रेसन, जेसन टोड, टिम ड्रेक और डेमियन वेन शामिल हैं। हर रॉबिन की अपनी अनूठी कहानी है और विशेषताएं हैं।

**सीक्रेट हेडक्वार्टर है बैटकेव:** बैटमैन का गुप्त मुख्यालय यानी सीक्रेट हेडक्वार्टर बैटकेव है। यह कई तरह की सुविधाओं से युक्त है, जिसमें बैटकंप्यूटर और बैटमोबाइल जैसे कई सुपर पॉवरफुल चीजों का संग्रह शामिल है।

**बैटमैन का शहर गोथम सिटी:** उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका का एक काल्पनिक शहर है गोथम सिटी, जो डीसी कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित अमेरिकी कॉमिक बुक्स में प्रदर्शित होने वाला प्रमुख शहर है। गोथम सिटी सुपरहीरो बैटमैन, उसके सहयोगियों और दुश्मनों के घर के रूप में जाना जाता है। गोथम को अकसर एक अंधकारमय और अपराध-ग्रस्त शहर के रूप में दर्शाया जाता है। यहां अपराध और भ्रष्टाचार होते रहते हैं।

**बैट-सिग्नल से बुलाते हैं बैटमैन को:** बैट-सिग्नल को पहली बार 1940 के दशक में गोथम सिटी पुलिस द्वारा बैटमैन को बुलाने के एक तरीके के रूप में पेश किया गया था। यह गोथम के नागरिकों के लिए आशा का प्रतीक है। जब भी बैटमैन को बुलाना होता है, बैट सिग्नल भेजा जाता है। *



### बैटमैन से जुड़ी कुछ और रोचक बातें

- बैटमैन के एक चाचा हैं, जिनका नाम फिलिप है।
- उसकी मां का नाम मार्था वेन है। इसे केन के नाम जाना जाता है।
- बैटमैन ने एक निजी जासूस हार्वे हैरिस के मार्गदर्शन में जासूस बनना सीखा।
- बैटमैन ने टेड ग्रांट (वाइल्डकैट) से मुक्केबाजी सीखी।
- बैटमैन के सूट पर कई बार इंद्रधनुषी पैटर्न बना हुआ दिखाया जाता है।
- बैटमैन का पसंदीदा व्यंजन मुलिगाटावनी सूप है।
- बैटमैन का एक 'दत्तक पुत्र' है, जिसका नाम जारो है। जारो एक जार में स्टारो (विशाल मानसिक तारामछली) का एक टुकड़ा है।

विशेष: रेड पांडा-दिवस, 20 सितंबर

बेहद क्यूट-सा दिखने वाला रेड पांडा दुनिया में कुछ ही इलाकों में पाया जाता है। इसको बचाए रखने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल रेड पांडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन के महत्व और इस जंतु की विशेषताओं के बारे में जानो।

# ताकि बचा रहे प्यारा अनोखा रेड पांडा

अनोखा जंतु / के.पी. सिंह



बच्चो, रेड पांडा दुनिया के सबसे खूबसूरत जंतु प्रजातियों में से एक है। इसे लेसर पांडा, फायरफॉक्स जैसे नामों से भी जाना जाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैध शिकार करने, इनके आवास के खात्मे और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के चलते यह प्यारा-सा जंतु प्रजाति लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। रेड पांडा की तेजी से कम होती संख्या को देखते हुए 'रेड पांडा नेटवर्क' संस्था द्वारा 18 सितंबर 2010 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस का आयोजन किया गया। तब से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के तीसरे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस मनाया जाता है।

**क्यों मनाते हैं रेड पांडा दिवस:** दुनिया भर के लोगों को रेड पांडा को बचाने का संदेश देने के लिए यह विशेष दिवस मनाया जाता है। रेड पांडा का दुनिया में अस्तित्व इसलिए जरूरी है, क्योंकि अपने पारिवारिक वर्ग में यह एकमात्र बची जीव प्रजाति है, जो जैव विविधता में इसकी अनोखी भूमिका और महत्व को दर्शाती है।



**होते हैं कई आयोजन:** रेड पांडा दिवस मनाने के लिए दुनियाभर के ऐसे चिड़ियाघरों में जहां रेड पांडा मौजूद हैं, विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन रेड पांडा की देख-रेख करने वाले केयरटेकर, चिड़ियाघर घूमने आने वाले लोगों से इनके लुप्तप्राय होने के बारे में बताते हैं। लोगों को इनके महत्व को समझाते हैं कि किस तरह इनके बचाने से हमारी विविध पारिस्थितिकी तंत्र का बचाव संभव है। सोशल मीडिया में इस दिन कई तरह के अभियान चलाए जाते हैं, जैसे- हैश टैग सेव रेड पांडा, हैश टैग इंटरनेशनल रेड पांडा डे और हैश टैग आईआरपीडी आदि। पर्यावरण-जैव विविधता संरक्षण से जुड़े लोगों और संगठनों द्वारा आम लोगों को धरती पर रेड पांडा के अस्तित्व को बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मासूम जंतु प्रजाति को कैसे अवैध शिकार और व्यापार से बचाया जाए, इस बारे में भी विचार किया जाता है।

**कहां पाया जाता है रेड पांडा:** रेड पांडा मुख्य रूप से पूर्वी हिमालय के ऊंचे-घने बांस के जंगलों में पाया जाता है। यह भारत, नेपाल, चीन, म्यांमार और भूटान में खासतौर से पाया जाता है। जहां तक अपने देश में रेड पांडा की मौजूदगी का सवाल है तो ये मुख्यतः पूर्वोत्तर के हिमालयी क्षेत्रों में खासकर सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र में पाया जाता है। देश में करीब 10 ऐसे नेशनल पार्क और सैंचुरी हैं, जहां रेड पांडा को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा, दार्जिलिंग के 'फ्रोजन ज़ू' की पहल पर रेड पांडा का डीएनए संरक्षित किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल से भारत में रेड पांडा प्रजाति का संरक्षण लंबे समय तक के लिए किया जा सकता है। *

मजेदार किताब / चंद्रप्रकाश

## खेलगीतों का अनूठा संकलन

बच्चो, तुम कोई-न-कोई ऐसा खेल जरूर खेलते होगे, जिसे खेलते हुए गीत या जिंगल्स गाए जाते हैं। रंग-बिरंगे चित्रों से सजी-संवरी यह किताब 'गुमनाम खेलगीत' ऐसे ही खेलगीतों का अनूठा संकलन है। इस किताब में खेल-खेल में गाए जाने वाले अड़तीस छोटे-छोटे गीतों को संग्रहित किया गया है। इनमें से कई गीतों से तुम पहले से भी परिचित होगे क्योंकि तुमने भी खेलते हुए इन गीतों को कभी-न-कभी जरूर गाया होगा या गाते हुए खेल जरूर खेला होगा। कुछ तुक वाले तो कुछ बेतुके से लगने वाले, कुछ जाने-पहचाने, कुछ बिल्कुल नए-से ये खेलगीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। इस किताब की खास बात यह है कि इसमें संकलित इन गीतों को तुम्हारी ही उम्र के, छठी से लेकर नवीं कक्षा में पढ़ने वाले कई बच्चों ने मिलकर कलमबद्ध किया है। किताब के अंत में एक जगह उन खेलों को खेलने का तरीका भी बताया गया है, जिनके साथ ये खेलगीत गाए जाते हैं। *




**किताब:** गुमनाम खेलगीत, **लेखक:** अंकुर लेखक समूह, **चित्र:** पूजा के मेनन, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल और अंकुर सोसाइटी, दिल्ली

### हंसगुल्ले




**नैंसी:** मिनी की मम्मी को सब क्या कहकर बुलाते हैं?
**नव्या:** ये तो मुझे नहीं पता, तुम बताओ।
**नैंसी:** मिनीमम (मिनी-मम)।
-खुशबू, ईमेल से

**पापा:** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**मीकू:** कोई बात नहीं पापा ! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।
-कमल, रायपुर

**सोनू:** ऐसा कौन-सा सेंटेंस है, जो हम बच्चे क्लास में सबसे ज्यादा बोलते हैं?
**मोनू:** 'मुझे नहीं पता।'
**सोनू (हंसते हुए):** हां-हां, बिल्कुल सही।
-साकेत, बिलासपुर

### जीके क्विज-171

1. एशिया कप वूमेन हॉकी 2025 का खिताब किस देश ने जीता?
2. हाल में ही नियुक्त किए गए फ्रांस के नए प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
3. देश के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन सा है?
5. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. नाखून में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
9. भारत के किस शहर को 'ब्लू सिटी' के नाम से जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है?



बच्चो, जीके क्विज-171 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-170 का उत्तर:** 1.दूसरा, 2.टीसीए कल्याणी, 3.सी.पी. राधाकृष्णन, 4. 14 सितंबर 1949, 5. 22 भाषाओं को, 6.सिक्किम, 7.न्यूटन, 8.सिद्धार्थ, 9.शेरशाह सूरी, 10.श्रीलाल शुक्ल

**जीके क्विज-170 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आलोक-रायपुर, आद्या परी-मानपुर, रमेश-बैकुंठपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, माधुरी-ईमेल से, भीमशंकर-डिंडौरी, नैतिक-मानपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, आकाश-बिलासपुर



कहानी
विमला रस्तोगी

सामने शेर आ जाए तो बड़े-बड़े डर से कांप जाते हैं, लेकिन नन्ही चैताली के घर में जब शेर आ गया, वह डरी नहीं। उसने बहुत ही साहस और समझदारी से काम लिया। खूंखार शेर पकड़ा गया। चैताली ने यह कमाल कैसे कर दिखाया?

## साहसी चैताली



कक्षा आठ में पढ़ती है चैताली। पढ़ने में अच्छी है। उसकी दो छोटी बहने हैं- मनसा और विद्या। चैताली के पिता खेत पर काम करते हैं। मां भी साथ चली जाती हैं। समय मिलने पर चैताली भी खेतों पर चली जाती है। दिन छिपे भी खेत से अकेली लौट आती है। उसे जरा भी डर नहीं लगता। चैताली के पिता ने उसे साइकिल दिला दी है। वह पास की तहसील के बाजार में साइकिल से जाकर घर की जरूरत का सामान ले आती है। आस-पड़ोस वालों का भी सामान ला देती है।

चैताली अपनी पढ़ाई करने के साथ, अपनी दोनों छोटी बहनों को भी पढ़ाती है। आस-पास के घरों के बच्चों को भी होम वर्क करा देती है। गांव में सब उसको बहुत मानते हैं। वह सबकी मदद करने को तैयार रहती है।

चैताली के गांव में कच्चे-पक्के दोनों तरह के घर हैं। चैताली के घर के दो कमरे पक्के (सीमेंट-ईंटों से) बने हैं। खाना बरामदे में बनता है। आगे सब खुला है। बस छोटी-छोटी लकड़ियों के सहारे पौधे लगाकर चार दीवारी-सी बना ली है। एक दिन शाम होने को थी। चैताली अपनी सहेली सोनिया के साथ कमरे में बैठी बातें कर रही थी। दोनों छोटी बहनें पड़ोस में गई थीं। तभी चैताली को शेर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। वह एकदम चौकन्नी हो गई। सहेली को मुंह पर अंगुली रखकर चुप रहने का इशारा किया। दबे पांव बाहर आई। देखा दूसरे कमरे में शेर आ गया है। शेर का मुंह दीवार की तरफ था। चैताली ने हिम्मत से काम लिया। उसने सावधानी से कमरे की दोनों कुंडी झट से बंद कर दी। लंबी सांस ली और तुरंत वन विभाग के दफ्तर में फोन कर दिया। चैताली को पता था कि शेर आदमी से ज्यादा होशियार नहीं होता।

सोनिया को किसी से भी शेर के बारे में कुछ बताने से मना किया, लेकिन वह चैताली के घर से बाहर निकली और बाहर आकर उसने अपने घर वालों को शेर के बारे में बता दिया। सोनिया के घर वालों ने पास-पड़ोस में कह दिया। चैताली भी अपने घर के बराबर वाले मकान में आ गई। उधर गांव वाले लाठी-डंडे लेकर आ गए। चैताली ने सबके सामने आकर सबको रोका, 'आप लोग बिल्कुल शोर मत करें। पिछली बार गांव में जब शेर आया था, सबने उसका पीछा कर उसे जख्मी कर दिया। शेर खेतों में छिप गया, वन विभाग वालों को भी नहीं मिला। डर के मारे बच्चे कई दिनों तक स्कूल पढ़ने नहीं गए। बड़ी मुश्किल से वन विभाग वालों ने शेर पकड़ा।' चैताली ने आगे बताया, 'मैंने फोन कर दिया है, वन विभाग वाले आते ही होंगे।'

तभी चैताली के माता-पिता भी वहां आ गए। कभी शेर की आवाज आती, सब डर जाते लेकिन चैताली नहीं डरती। जल्द ही वन विभाग वाले आ गए। साथ में शेर को बंद करने वाला कटघरा भी लाए थे। आते ही सारे कर्मचारियों ने अपनी पोजीशन ले ली और बहुत ही सतर्कता से शेर को पिंजरे में ले लिया। पिंजरे में आकर शेर जोर-जोर दहाड़ा। अब गांव वाले नहीं डरे।

वन विभाग के अफसर ने चैताली के साहस की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'चैताली के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अगर शेर को देखकर चैताली बस्ती में भागती, शेर उसके पीछे भागता, चैताली घायल होती या कोई गांव वाला या फिर शेर ही घायल हो जाता। पता नहीं शेर कब पकड़ा जाता। इस संकट की घड़ी में भी चैताली ने जिस धीरज, समझदारी और साहस का परिचय दिया। वह अपने आप में एक मिसाल बन गया है।'

सबने ताली बजाकर चैताली को शाबाशी दी। वह भी बहुत खुश थी। कुछ दिनों बाद तहसील में हुए कार्यक्रम में प्रशासन ने चैताली को मेडल देकर सम्मानित किया। चैताली के माता-पिता और गांव वाले सब बहुत खुश थे। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## पापाजी लाए गुब्बारे

रंग-बिरंगे सजे-धजे, आंखों के लगते सचमुच तारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
ये अपनी धुन के पक्के हैं
कभी नहीं घबराते जी।
गैस भरी हो थोड़ी भी तो
सरपट दौड़ लगाते जी।
सचमुच कभी नहीं थकते, ये चलते पांव-पसारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
सीधे-सच्चे, मन के अच्छे
जन्मदिवस पर सजते जी।
बिल्कुल केक नहीं खाते
बस फट-फटकर बजते जी।
इतने खुश रहते मानो, बढ़कर छू लेंगे चांद-सितारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।

### रंग भरो-185

**रंग भरो-185** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आशना, जांजगीर


वेदिका, बालोद


इज्यान, सूरजपुर



लक्षिका, कोरबा


अदिति, बंजारी


**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

अतुल-कवर्धा, डिंपल-दुर्ग, रवि-बिलासपुर, सानवी-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, खुशी-कोरबा


रेयांश, बिलासपुर

### रंग भरो 186

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में चिंटू और मिंकी स्लाइड पर फिसल रहे हैं। इस चित्र को तुम मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप


नारनौल। मूर्तियां लाने के लिए रवाना होते क्लब के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### बंगाल मिट्टी की मूर्तियां लाने के लिए हुए रवाना

**नारनौल।** पुरानी कचहरी मैदान में आयोजिज होने वाले 22वें दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए टीटू सोनी, नरेंद्र बंसी की अगुआई में प्रवीण यादव, नवीन वशिष्ठ, एडवोकेट विश्वास व रोहताश माता रानी की मिट्टी से निर्मित बंगाल के कारीगरों द्वारा बनाई गई मूर्तियां लाने रवाना हुए। टाइगर क्लब परिवार के प्रधान राकेश यादव ने बताया कि 22वें विशाल दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर है।

### छात्र ने तैयार की एआई तकनीक आधारित वेबसाइट


**कनीना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य सुनील खुडानिया ने बारहवीं कक्षा के छात्र धर्मेंद्र को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस में विशेष उपलब्धि हासिल करने पर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्र धर्मेंद्र ने एआई वेबसाइट का सफलतापूर्वक निर्माण किया है। जिसे विद्यालय के लिए गौरव का विषय होने के साथ-साथ प्रेरणादायी भी माना जा रहा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' कार्यक्रम आयोजित

# महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा से समृद्ध परिवार व सशक्त समाज का निर्माण संभवः विधायक

सीएचसी में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में 577 महिलाओं के विभिन्न चेकअप किए गए हैं। इसके अलावा 97 जरूरतमंदों को निशुल्क चश्में वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। कार्यक्रम में डॉक्टरों से बातचीत करते विधायक ओमप्रकाश यादव और सतनाली में स्वास्थ्य जांच शिविर में पंजीकरण करवाते लाभार्थी। फोटो : हरिभूमि

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधानसभा स्तरीय स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. अशोक कुमार ने की। जिसमें विधायक ओमप्रकाश यादव बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे हैं। मंच का संचालन सीएचसी के एसएमओ डॉ. अशोक यादव ने किया है। इस दौरान जरूरतमंदों को चश्में वितरित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षित महिलाएं दो परिवारों को शिक्षित करती हैं, लेकिन स्वस्थ्य नारी परिवार को समृद्ध तथा समाज को सशक्त बनाने में बड़ा योगदान देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संपूर्ण भारत में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना क्रियांवित की है जिसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को विभिन्न जांच, इलाज, दवाइयों के साथ निशुल्क एंबूलेंस सुविधा देने का प्रावधान है। सीएचसी स्तर पर महीने में तीन बार हेल्थ चेकअप तथा उपचार कैंप लगाए जाते हैं, सरकार की इस पहल से जच्चा-बच्चा मृत्यु दर पर अंकुश लगाना संभव हो पाया है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को नारी स्वास्थ्य सुरक्षा के रूप में मनाया है। सीएचसी में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में 577 महिलाओं के विभिन्न चेकअप किए गए हैं। इसके अलावा 97 जरूरतमंदों को निशुल्क चश्में वितरित किए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सकों को इलाज व दवाइयां मुहैया कराई हैं।

सीएमओ डॉ अशोक कुमार ने बताया कि कैंप में चिकित्सकों के 18 काउंटर लगाए गए थे, पांच काउंटरों पर लैब स्थापित की गई है। सभी सीएचसी व सामान्य अस्पतालों पर महिला डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है ताकि आपात परिस्थितियों में पीड़ति महिलाएं सम्मान पूर्वक इलाज करवा सकें। कार्यक्रम के दौरान विधायक ओमप्रकाश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर पौधारोपण किया है। इस मौके पर डॉ. विकास टेकवानी, डॉ. योगेश यादव, डॉ. अमित शर्मा, एलएमओ डॉ. जूही चौधरी, डॉ. अजय ग्रोवर, डॉ. प्रमोद, डॉ. आकांक्षा, डॉ. राजेश, डॉ. अंकित, डीपीएम संदीप यादव, फार्मासिस्ट सत्यपाल यादव, रवि प्रकाश, कुलदीप यादव, बीएसी सुभाष यादव, धर्मबीर यादव, खेमचंद आदि मौजूद थे।

### सशक्त नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**सतनाली।** सशक्त नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सतनाली-दो में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डा. पंकज यादव ने बताया कि शिविर में महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई,जिनमें रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन आदि की जांच एवं स्त्री रोग संबंधी परामर्श शामिल रहे। शिविर में विभिन्न प्रकार की एवं जरूरत के अनुसार आवश्यक दवाइयां एवं परामर्श प्रदान किया। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ और सशक्त बनाना है, ताकि वे परिवार और समाज को भी मजबूत बना सकें। यह अभियान दो अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इस मौके पर होशियार सिंह, राजकिशन, एएनएम कमलेश, एएनएम अनीता, एएनएम बबीता, एचआई बिजेंद्र आदि मौजूद रहे।


महेंद्रगढ़। आरपीएस कॉलेज के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# आरपीएस कॉलेज की कबड्डी टीम ने जीता इंटर कॉलेज टूर्नामेंट का खिताब

## 37-31 के स्कोर से शानदार जीत दर्ज की

- आरपीएस डिग्री कॉलेज की पुरुष कबड्डी टीम का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आईजीयू रेवाड़ी में आयोजित प्रतिष्ठित अंतर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता में आरपीएस डिग्री कॉलेज की पुरुष कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व सीईओ मनीष राव, निदेशक डॉ. महेश यादव, कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव, अधिष्ठाता डॉ. हेमंत कुमार ने इस जीत के लिए कोच व खिलाड़ियों को सम्मानित किया। यह जीत न केवल टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह कॉलेज के लिए भी एक गर्व का क्षण है।

फाइनल मुकाबला केएलपी रेवाड़ी के साथ खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। मैच की शुरुआत से ही टीम ने बेहतरीन तालमेल और रणनीति का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट रेड और मजबूत डिफेंस ने मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी। कप्तान सचिन कुमार के कुशल नेतृत्व में टीम ने निर्णायक क्षणों में धैर्य बनाए रखा और 37-31 के स्कोर से शानदार जीत दर्ज की।

### जीत खिलाड़ियों की खेल भावना का प्रमाण

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह कादयान ने टीम को उनकी शानदार सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल भावना का प्रमाण है। हमें अपनी टीम पर बहुत गर्व है। टीम के कोच सुनील ढिल्लो, उमेद सिंह, सज्जन सिंह, धीरज, रमेश शर्मा, विक्रम सिंह, नवीन पिलानिया व मंजू देवी ने भी खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने लगातार अभ्यास किया और हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। यह जीत उन्हीं की मेहनत का फल है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरी टीम और कोच का कॉलेज में भव्य स्वागत किया गया। यह जीत अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में भाग लेने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

# कैलाशचंद शर्मा की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेते शहर के लोग। फोटो : हरिभूमि

सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुल बाजार के संस्थापक स्व. कैलाशचंद शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने स्वर्गीय कैलाशचंद शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व प्राचार्य प्रेमचंद सैनी रहे। निदेशक मुकेश शर्मा, प्रबंधक लोकेश शर्मा, विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक संजीव कुमार, देवेन्द्र कौशिक, पार्षद सिकंदर सैनी ने स्वर्गीय कैलाशचंद शर्मा के योगदान को याद करते हुए उनके जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। उनके परिवार सदस्यों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दिखाए हुए सेवा पथ पर चलकर समाज सेवासेवा में आगे रहने का संकल्प लिया। विद्यालय प्राचार्या क्षमा पाण्डेय ने कैलाशचंद शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

# पिता की पुण्यतिथि पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ने की रोटरी रसोई में सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। रोटरी रसोई में सेवा करते भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने अपने पिता स्वर्गीय पंडित कैलाश चंद शर्मा की 10वीं पुण्यतिथि पर मंत्री अरविंद शर्मा, विधायक ओमप्रकाश यादव, विधायक कंवर सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी के साथ महावीर चौक स्थित रोटरी रसोई पर जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित कर भोजन सेवा की तथा रसोई में अपना सहयोग प्रदान किया। राकेश शर्मा ने कहा कि पिताजी क्षेत्र के हर व्यक्ति से जुड़े रहे थे।

जरूरतमंद लोगों की सेवा में सदैव तत्पर रहते थे। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर रोटरी रसोई के माध्यम से जरूरतमंद लोगों का पेट भरने का अवसर मिलना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। मंत्री अरविंद शर्मा ने पंडित कैलाश चंद शर्मा से जुड़ी अपनी यादें साझा करते हुए कहा कि वे जीवन पर्यंत आमजन की भलाई एवं उनकी आवाज उठाने का कार्य करते रहे तथा रोटरी क्लब द्वारा महज 10 रुपए की भोजन सेवा की सराहना की।

रोटरी प्रधान राजकुमार चौधरी ने बताया कि यहां प्रतिदिन करीब 300 से 350 लोग स्वच्छ व स्वादिष्ट भोजन ग्रहण करते हैं। इस मौके पर प्रधान राजकुमार चौधरी, पवन गुप्ता व मधुर गर्ग आदि उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मै भरपाई पत्नी भीम सिंह वासी गांव खामपुरा तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रणधावा व उसकी पत्नी ममता मेरे कहने सुनने से बाहर है व आए दिन घर में लडाई–झगडा करते रहते है। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं मुकेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश चौधरी वासी मौहल्ला चौधरीयान, नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पिता ओमप्रकाश पुत्र मोहर सिंह का निधन दिनांक 19.10.2022 को हो चुका है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1. मुकेश कुमार पुत्र 2. गीता गर्ग 3. गायत्री देवी 4. नितू गर्ग 5. रजनी पुत्रीयां व 6. यशोदा देवी विधवा ओमप्रकाश है। इनके अलवा उनके ओर कोई कानूनी वारिस नहीं है। इस बाबत किसी को कोई आपत्ति है तो वह 30 दिन के अन्दर लिखित में अपनी आपत्ति नगर परिषद कार्यालय में जमा करवाएं। उक्त शपथ पत्र पूर्णतया सत्य जिसकी सारी जिम्मेदारी मेरी है।

# पोषण ही जीवन की आधारशिलाः डॉ. पूर्ण प्रभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पोषण माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी व महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. नीतू शर्मा व डॉ सोमवीर थे। उन्होंने पोषण के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, महिलाओं व बच्चों में पोषण की विशेष आवश्यकता, कुपोषण से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही पोषण से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मानसिक तथा शारीरिक विकास बेहतर होता है।

कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. पविता यादव ने कहा कि आज के समय में पोषण की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने परिवार, समाज और आसपास के लोगों में पोषण संबंधी जानकारी साझा करें, ताकि स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को संतुलित आहार अपनाने, भोजन में विविधता लाने और स्वच्छता पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में पोषण संबंधी पर्चे, पोस्टर और शिक्षाप्रद सामग्री वितरित की गई।

प्राचार्या प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने कहा कि पोषण केवल भोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता, मानसिक स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता से भी जुड़ा हुआ है। इस मौके पर उपप्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव, डॉ. बलजीत सिंह, प्रोफेसर डॉ. शमशेर सिंह, डॉ. अशोक कुमार, प्रोफेसर जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, डॉ. नीतू शर्मा, प्रोफेसर हीरासिंह, विजयपाल, दुलीचंद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ टीम ने किया।

# आज से अटेली में शुरू होगी पांचवीं रामलीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली


मंडी अटेली। अटेली में तैयारी करते श्री शिवराम लीला समिति के कार्यकर्ता।

अटेली में श्री शिव रामलीला समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामलीला का भव्य आयोजन करने की तैयारियां पूरी हो गई हैं।

इस बार अटेली के झंडा चौक पर भव्य रामलीला का मंचन देखने को मिलेगा। जानकारी देते हुए विक्की पंजाबी ने बताया कि हमारा सौभाग्य है कि हम अपनी परंपरा को बनाए हुए हैं। अहंकार और अधर्म के कारण रावण हमेशा के लिए नकारात्मकता का प्रतीक बनकर रह गया। तभी तो रामलीला के मंचन से हर वर्ष यह संदेश दिया जाता है कि आपमें कितनी भी अच्छाई हो, खुद को बुराई से बचाना होगा। वहीं अटेली के कोने-कोने में भव्य रामलीला के मंचन की तैयारियां पूरी हो गई है। श्री शिव रामलीला समिति की ओर से यह भव्य रामलीला आज 19 सितंबर से शुरू होकर अगले माह दो अक्टूबर तक रावण दहन के साथ समापन होगी।

यह रामलीला प्रतिदिन सायं आठ बजे से शुरू होकर प्रभु की इच्छा नए पुराने कलाकार अपने रोल निभाएंगे।जिसमें अटेली क्षेत्र के प्रमुख लोगों और जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

## पंजाब नेशनल बैंक सिहमा ने ग्रामीणों को दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

# विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का किया आह्वान



मंडी अटेली। वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के योजनाओं की जानकारी देते बैंक मैनेजर। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

पंजाब नेशनल बैंक सिहमा द्वारा बाबा खेतानाथ मंदिर में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत कैंप लगाया, जिसमें मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक सिहमा के मैनेजर दिनेश यादव एवं सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद यादव रहे। इस कैंप में उपस्थित लोगों को वित्तीय समावेशन के अंतर्गत विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, जन-धन खाता, बैंकिंग सुविधाओं व साइबर धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कैंप में सिहमा ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में अधिकारियों से प्रश्न पूछे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की जिज्ञासाओं के जवाब दिए। साथ ही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

### जन कल्याणकारी योजनाओं का उठाना चाहिए लाभ

बैंक मैनेजर दिनेश यादव ने बताया कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना सहित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं केंद्र सरकार की अनेक प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। यदि कहीं पर कोई दिक्कत आ रही हो तो वे पंजाब नेशनल बैंक सिहमा में आकर अपनी शंकाएं दूर कर सकते हैं। प्रधानमंत्री जनधन योजना आज से करीब 10 साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू की थी। ऐसे में प्रत्येक खाते का केवाईसी करनी जरूरी है। समय-समय पर बैंक की ओर से लाभार्थियों को इसके एसएमएस सहित सोशल मीडिया संदेश भेजे जाते हैं। ग्रामीणों को बताया कि समय पर केवाईसी कराने से न केवल बैंकिंग सेवाओं में आने वाली रुकावटों से बचा जा सकता है, बल्कि यह धोखाधड़ी के जोखिम को भी कम करता है। उन्होंने सभी को सुरक्षित बैंकिंग आदतें अपनाने की सलाह दी, जिससे गांव में डिजिटल लेनदेन का दायरा और लोगों का भरोसा दोनों बढ़ सके। वहीं डिजिटल दुनिया में एक छोटी से लापरवाही एक बड़े नुकसान का कारण बन सकती है। देशभर में हर दिन साइबर ठगी के कई मामले सामने आते हैं जहां लोगों के खातों से मिनटों में पैसे निकाल लिए जाते हैं। ऐसे में हर किसी को साइबर फ्रॉड और उससे जुड़ी घटनाओं को लेकर सजग रहने की आवश्यकता है। लुभावने लालच या फिशिंग लिंक्स भेजकर अगर आपके बैंक खाते से बिना जानकारी के पैसे निकाल लिए गए हैं, तो आपको बिना देर किए तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करनी चाहिए। इस मौके पर बिरेंद्र प्रधान, आलोक, विनय, होशियार सिंह, सत्यप्रकाश एवं नीरज कुमार के अलावा अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हकेंवि में ध्यान केंद्रित विशेष सत्र आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मेडिटेशन क्लब एवं योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सहयोग से एक दिवसीय माइंड मैटर्स कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन का उद्देश्य प्रतिभागियों को विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से मेडिटेशन के मूलभूत तत्त्वों से अवगत कराना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.ण टंकेशवर कुमार ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए ध्यान को जीवन का एक महत्वपूर्ण विषय बताया। विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा में ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने व्यक्तित्व निर्माण में ध्यान की भूमिका पर भी जोर दिया और आर्ट ऑफ लिविंग संस्था को धन्यवाद दिया। आयोजन में आर्ट ऑफ लिविंग हरियाणा से डॉ. वरुण ने प्रतिभागियों को ध्यान की विभिन्न क्रियाओं से अवगत कराया और बताया कि ध्यान के माध्यम से किस तरह से तनाव को कम किया जा सकता है। आयोजन में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नूनी कलां**

**सफाई कर्मी लगवाने हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड सिहमा की ग्राम पंचायत नूनी कलां में 01 पद पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी की नियुक्ति हेतु आवेदन आमन्त्रित हैं। आवेदक स्त्री या पुरुष कोई भी हो सकता है। आवेदक शारीरिक रूप से काम करने में समर्थ एवं स्वस्थ होना चाहिए। वह किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सीहमा कार्यालय में लेखाकार से आवेदन प्राप्त करके दिनांक 01.10.2025 तक समय प्रातः 09.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक जमा करवा सकते हैं। आवेदनकर्ताओं का साक्षात्कार दिनांक 06.10.2025 को प्रातः 10.00 बजे खण्ड कार्यालय सीहमा में किया जाएगा। उक्त पद पर चयन उपरान्त हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय प्रदान किया जाएगा।

**सरपंच, ग्राम पंचायत नूनी कलां**

**MD COLLEGE OF EDUCATION**
LOHARU ROAD, SATNALI (M/GARH)
Ph. : 9813533742, 8708663904
**REQUIRED**
❖ Principal-01, ❖ Lect.-06, ❖ Fine Arts-01, ❖ Clerk-01, ❖ Peon-01, ❖ Chowkidar-01, ❖ Sweeper-01
Pay Scale & Qualification as per NCTE & SCERT / State Govt. Norms
**WALK-IN-INTERVIEW**
11 Oct 25 at 10:00 A.M. College

**VIDYAWATI COLLEGE OF EDUCATION**
NEAR SATNALI CHOWK, M/GARH
Ph. : 9416120820, 9416746237
**REQUIRED**
❖ Principal-01, ❖ Lect.-06, ❖ Fine Arts-01, ❖ Clerk-01, ❖ Peon-01, ❖ Chowkidar-01, ❖ Sweeper-01
Pay Scale & Qualification as per NCTE & SCERT / State Govt. Norms
**WALK-IN-INTERVIEW**
11 Oct 25 at 10:00 A.M. College

## खबर संक्षेप

### पंजाबी धर्मशाला में श्रीराम कथा 22 से

**महेंद्रगढ़।** परमपिता परमात्मा की असीम अनुकंपा से परम श्रद्धेय हरिदास महाराज ऋषिकेश वाले की अमृतवाणी में सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ 22 सितंबर को पंजाबी धर्मशाला मोहल्ला जवाहरनगर में किया जाएगा। धार्मिक प्रवक्ता अमरसिंह सोनी व पंजाबी सभा के प्रधान सुरेश अरोड़ा ने बताया कि सात दिवस श्रीराम कथा 28 सितंबर तक आयोजित की जाएगी।

### पूर्व विधायक करेंगे रामलीला का शुभारंभ

**महेंद्रगढ़।** शहर की श्री आदर्श रामलीला कमेटी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की मानवीय लीलाओं का मंचन 20 सितंबर को होगा, जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक राव दानसिंह 34वीं बार करेंगे। श्री आदर्श रामलीला कमेटी प्रधान एडवोकेट सुरेन्द्र बंटी व मुख्य सचिव मनोहर लाल यादव ने बताया कि रामलीला की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। रामलीला के सिद्धपीठ रंगमंच पर 20 सितंबर को रामलीला का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 दिवसीय श्रीराम महोत्सव में सभी कलाकारों पिछले डेढ़ महीने से मंचन की तैयारी में जुटे हुए हैं। रामलीला की भव्य सज्जा व रंगमंच पर कलाकारों का बेहतरीन प्रदर्शन देखने लायक होगा।

### करियर काउंसलिंग के बारे में दी जानकारी

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेवा पखवाड़े के दूसरे दिन पौधरोपण, सफाई अभियान, करियर काउंसलिंग व उभरते और भविष्य के कौशल के बारे में छात्रों को जानकारी दी। प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल ने कहा कि 15 दिन तक प्रतिदिन विभाग के निर्देशानुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस पखवाड़े के दौरान 75 पौधे रोपण किए जाने है। एनसीसी प्रभारी मेजर वीरेंद्र सेकवाल ने छात्रों को करियर काउंसलिंग के बारे में बताते हुए कहा कि किस प्रकार छात्र व छात्राएं उद्यमिता अपना कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

## समृद्ध धरोहरों को पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करेगी नायब सरकार: डॉ. अरविंद शर्मा

# सहकारिता व पर्यटन मंत्री ने 95 करोड़ से 8 जिलों के 20 ऐतिहासिक स्थलों के जीर्णोद्धार का किया शुभारम्भ

- विरासत की हिफाजत अभियान के तहत राज्य संरक्षित धरोहरों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प
- मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नारनौल को विरासत नगरी घोषित करवाने की रखी जाएगी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



**नारनौल।** शिलान्यास करते विरासत एवं पर्यटन मंत्री व मरीजों से बातचीत करते पर्यटन मंत्री। फोटो : हरिभूमि

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपनी धरोहर सहेजने के संकल्प को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गंभीरता से सिद्धि तक लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के केंद्र व राज्य संरक्षित ऐतिहासिक स्थलों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के बाद उन्हें पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित करेगी, ताकि देसी, विदेशी पर्यटक प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से खुद को जोड़ सकें।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और आमजन की भावना है कि बावड़ियों, मकबरों व महलों के इलाके नारनौल को विरासत नगरी घोषित किया जाए, इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शीघ्र मुलाकात की जाएगी। वीरवार को डॉ. अरविंद शर्मा ने सेवा पखवाडा अभियान के तहत नारनौल-महेन्द्रगढ़, कैथल, जींद, भिवानी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल व नूंह के 20 राज्य संरक्षित धरोहरों के 95 करोड़ रुपए से होने वाले जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की परियोजना का शुभारंभ कर रहे थे। चोर गुम्बद नारनौल से 8 जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व आमजन से संवाद करते हुए पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प अपनी विरासत, धरोहरों को संजोने व उन्हें जन-जन की पहुंच में लाने का है।

इस कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर अपनी जगह बनाने के लिए निरन्तर बड़े कदम उठा रहा है। पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा की धरती इतिहास की गवाह रही है। यहां की बावड़ियां, किले, महल, प्राचीन मंदिर व हवेलियां केवल पत्थरों की इमारतें नहीं हैं, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान व गौरव का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से हरियाणा एक सांस्कृतिक और पर्यटक मैत्री राज्य के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य स्मारकों की वास्तु विरासत को समझना, आगंतुकों को बेहतर अनुभव दिलाना व पर्यटन स्थलों की पहुंच व सुविधाओं को बेहतर बनाना है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि शुक्रवार से प्रदेश के 75 ऐतिहासिक धरोहरों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, 33 स्मारकों व 42 टूरिस्ट काम्प्लेक्सों में स्वच्छता अभियान की मुहिम को शुरू किया जा रहा है। मौके पर पूर्व मंत्री एवं नारनौल विधायक ओम प्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह, विरासत व पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन, उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की उपनिदेशक डॉ. बनानी भट्टाचार्य आदि उपस्थित रहे।

### 20 स्मारकों का जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास

नारनौल में ऐतिहासिक विरासत को संजोने पर लगभग 47 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इनमें राज्य सुरक्षित स्मारक मिर्जा अली जान की बावड़ी, फोर्ट इस्लामपुर, छत्ता राय बालमुकुंद दास, चोर गुंबद, शोभा सरोवर, त्रिपोलिया गेटवे, पीर तुर्कमान, बावड़ी पॉलिटेक्निक व राज्य सुरक्षित स्मारक मुकुंदपुरा बावड़ी शामिल है। इसके अलावा कैथल के भाई की बावली के जीर्णोद्धार पर 4 करोड़ 46 लाख 46 हजार, जींद के किला जफरगढ़ के जीर्णोद्धार पर 5 करोड़ 52 लाख 72 हजार व सफीदों किला पर 6 करोड़ 78 लाख 35 हजार, भिवानी के तोशाम किला के पर 5 करोड़ 43 लाख 6 हजार, गुरुग्राम के सोहना में लाल गुंबद पर 6 करोड़ 77 लाख 66 हजार, बादशाहपुर बावली में 4 करोड़ 25 लाख 58 हजार, फरीदाबाद के रानी की छतरी के जीर्णोद्धार पर 1 करोड़ 32 लाख 53 हजार, नूंह के डेहरा मंदिर के जीर्णोद्धार पर 5 करोड़ 32 लाख 30 हजार व तावड़ू के गुंबद परिसर के जीर्णोद्धार पर 1 करोड़ 50 लाख, फरुखनगर के शीशमहल के जीर्णोद्धार पर 4 करोड़ 54 लाख 30 हजार, पलवल के मानपुर स्थित ऐतिहासिक केसुरिया खेड़ा के जीर्णोद्धार पर 2 करोड़ 16 लाख 81 हजार रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का किया शुभारंभ

डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि देश की नारी स्वस्थ होगी तो राष्ट्र भी सशक्त होगा। इसी सोच को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर सभी जिलों में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। पर्यटन मंत्री वीरवार को नागरिक अस्पताल नारनौल में स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने अस्पताल प्रांगण में पौधारोपण किया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। वहीं अस्पताल प्रांगण में लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इसके अलावा मेगा कैंप का निरीक्षण करते हुए मरीजों से हाल-चाल पूछा। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, चेयरपर्सन कमलेश सैनी तथा डॉ. आशा शर्मा आदि मौजूद थे।

### जिला कारागार नारनौल का किया औचक निरीक्षण

जेल मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने जिला कारागार नारनौल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली और बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सेवा पर्व के तहत जेल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जेल मंत्री ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए और जेल परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने जेल परिसर में बंदियों के लिए एक स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए ताकि उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

## वीएलडीए के जिला प्रधान बने विक्रम सिंह


**नारनौल।** वीएलडीए की नई कार्यकारिणी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** जिला के सभी वीएलडीए की ओर से बैठक में आयोजन किया गया। बैठक में राज्य कार्यकारिणी के महासचिव निर्मल सिंह श्योराण की मौजूदगी में विक्रम सिंह को जिला प्रधान, रवि को जिला सचिव, यशपाल को जिला उपप्रधान, सौरवराज को उपसचिव, सुशील कुमार को कोषाध्यक्ष, अत्तर सिंह प्रेस सचिव बनाया गया। नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाकर पदभार ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनन्द शर्मा ने की। चुनाव प्रक्रिया पूर्व जिला प्रधान डॉ. मनोज यादव की देखरेख में संपन्न हुई। इस मौके पर राज्य संयुक्त सचिव नितिन यादव, राज्य कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सांगवान, बिरेंद्र सिंह, संजीव नाहरिया, जसवंत वर्मा, कुलदीप, नृपेन्द्र, अनिल आदि मौजूद थे।

## रेलवे अंडरपास की मंजूरी के लिए सांसद ने रेलमंत्री को लिखा पत्र

**महेंद्रगढ़।** गांव नांवा, मंढियाली, ढाणी तिलोड़ी, नौरंगाबास सहित लगभग आधा दर्जन गांवों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए सांसद धर्मबीर सिंह ने रेलवे अंडरपास की मंजूरी के लिए रेलमंत्री को पत्र लिखा है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि दिल्ली-बीकानेर रूट पर खंभा नंबर 149 के पांच-छह किमी के बीच एक पांच करम का आम रास्ता है। इस पर रेलवे अंडरपास नहीं बना हुआ है। यदि यहां अंडरपास का निर्माण हो जाता है, तो नांवा, मंढियाली, नौरंगाबास, ढाणी तिलौड़ी सहित लगभग आधा दर्जन गांवों के लोगों को सुविधा हो जाएगी।

## टीईटी की अनिवार्यता समाप्त कराने के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


**नारनौल।** ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के राज्य उपाध्यक्ष सुबे सिंह यादव, जिला अध्यक्ष कृष्ण नंगली एवं जिला महासचिव डॉ. जसवंत यादव मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुरेश यादव व जिला सचिव अभय यादव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने एक सितंबर 2025 के आदेश में कहा है कि कक्षा पहली से आठवीं तक के शिक्षकों को नौकरी में बने रहने के लिए अनिवार्य रूप से टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) दो वर्ष के भीतर पास करना होगा। एनसीटीई की गाइडलाइन के अनुसार वर्ष के 2011 के बाद नियुक शिक्षकों को टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट अनिवार्य किया गया था। यह नियम 2011 से पहले भर्ती हुए शिक्षकों पर लागू नहीं था। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश में यह सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। कोर्ट के अनुसार दो वर्ष के अंदर टीईटी को पास न करने वाले शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी जाएगी। कोर्ट ने केवल पांच वर्ष की सेवा अवधि से कम वाले शिक्षकों को टीईटी से छूट दी है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला प्रवक्ता महेंद्र सिंह यादव, जिला सहसचिव योगेश नंगली, सचिव महिपाल कालोरिया व सुरजीत यादव, नरेंद्र, बलजीत, सतीश यादव आदि मौजूद रहे।

## किसानों को दी रबी फसल की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- सरसों, गेहूं, चना, मसूर व सब्जियों की वैज्ञानिक खेती के लिए किया जागरूक


**महेंद्रगढ़।** किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ।

एसएम सहगल फाउंडेशन एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त प्रयास से संचालित परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत महेंद्रगढ़ ब्लॉक के 15 गांवों के किसानों को रबी सीजन की प्रमुख फसल सरसों, गेहूं, चना, मसूर व सब्जियों की वैज्ञानिक खेती के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक परियोजना प्रमुख अकांषा मिश्रा ने संस्था का परिचय देते हुए अतिथियों का स्वागत करके की। इसके पश्चात कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. आशीष शिवराण ने सरसों, गेहूं, चना व मसूर आदि फसल की वैज्ञानिक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, बीज उपचार, कीट व रोग नियंत्रण, फसल चक्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

कृषि मृदा संरक्षण विभाग से डॉ. अशोक यादव ने विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए मृदा नमूना, रिपोर्ट विशेलषण और मृदा संरक्षण के उपायों के बारे में बताया। इसके साथ अतिथि के रूप में उप-विभाग कृषि कार्यालय से डॉ. योगेश व डॉ. विकास भी उपस्थित रहे। जिन्होंने कृषि के लिए महत्वपूर्ण सरकारी योजना की जानकारी दी। उद्यान विभाग से डॉ. राजकुमार ने सब्जी व बाग संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संस्था के कृषि विशेषज्ञ संजय आलोरिया ने संस्था के कार्यों की जानकारी विस्तार से दी।

## समस्याओं का प्राथमिकता से किया जा रहा निदानः एसडीएम

- लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** शिविर में शिकायतें सुनती एसडीएम कनिका गोयल। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार की ओर से चलाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के निदान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम कनिका गोयल ने समाधान शिविर में आए नागरिकों की 62 समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल समाधान बारे कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने समाधान शिविर में नागरिकों क ओर से परिवार पहचान पत्र में नाम दर्ज कराने व इनकम से संबंधी, पेंशन, अवैध कब्जों, बिजली, रास्तों के पक्कीकरण से जुड़ी समस्याओं तथा अन्य विभागों से जुड़ी अनेक समस्याओं का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निपटान करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए शिकायतकर्ता को समयबद्ध राहत दी जाए।

एसडीएम ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की शिकायतों को सुनकर उनका समाधान किया जा रहा है।

## पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- जिला न्यायिक परिसर नारनौल में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन


**नारनौल।** न्यायिक परिसर में पौधरोपण करते हुए।

जिला न्यायिक परिसर नारनौल में वीरवार को पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र शूरा व चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट विक्रमजीत सिंह ने न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ न्यायिक परिसर के मुख्य द्वार पर पौधरोपण के साथ किया। नरेंद्र शूरा ने कहा कि आज का युग प्रदूषण एवं पर्यावरण संकट का युग है, ऐसे में वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण के संरक्षण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह मानव जीवन सुरक्षित रखने का आधार भी है। हम सभी को अपने क्षेत्र में वृक्ष लगाने और उनका संरक्षण करने की जिम्मेदारी निभानी होगी ताकि आने वाली पीढ़ियां भी स्वच्छ वातावरण में सांस ले सकें। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने कहा कि न्यायिक परिसर का हरित एवं स्वच्छ बनना न्यायिक व्यवस्था की सामाजिक प्रतिबद्धता दर्शाता है। यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमें एकजुट होकर काम करने का अवसर देता है तथा समाज के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करता है। बार एसोसिएशन के प्रधान संतोख सिंह यादव ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रकृति के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी की पुष्टि करता है।

## नायब तहसीलदार ने किया पौधरोपण


**कनीना।** पौधरोपण करते नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**कनीना।** एक पेड़ मां के नाम अभियान को गति देते हुए नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल ने कनीना के वार्ड आठ स्थित आंगनवाडी भवन में पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पूजा खिंची व कार्यकर्ता एवं हेल्पर से स्वच्छता व सुरक्षा को लेकर जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार के सानिध्य में आगामी दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत साफ-सफाई सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगीं। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत तैयार किए गए कैलेंडर के मुताबिक आज 19 सितंबर को भोजावास के डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन में सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ग्रामीण इंतकाल, फर्द, म्यूटेशन, पैमाइश सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं का निदान किया जायेगा। इस मौके पर कानूनगो राजसिंह, पटवारी अनूप सुहाग, केशव, मनीष आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## आईटीआई में रोजगार सहायता शिविर 22 को

**नारनौल।** हरियाणा सरकार की ओर से 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पर्व के तहत युवा अधिकारिकता एवं उद्यमिता विभाग के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय की ओर से 22 सितंबर को राजकीय आईटीआई (ब्वाय) नारनौल में रोजगार सहायता शिविर व प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत ने बताया कि कार्यक्रम में रोजगार विभाग की विभिन्न योजना जैसे सक्षम युवा योजना, सामान्य बेरोजगारी भत्ता योजना बारे पंजीकरण व मार्गदर्शन दिया जाएगा तथा युवाओं की करियर काउंसलिंग की जाएगी। इच्छुक प्रार्थी सरकारी क्षेत्र व प्राइवेट जॉब से संबंधित जानकारी प्राप्त करके रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस शिविर में स्वरोजगार करने के लिए विशेषज्ञों द्वारा उचित मार्गदर्शन व ऋण संबंधित जानकारी दी जाएगी। विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के कौशल प्रशिक्षण संबंधित जानकारी भी दी जाएगी। इसमें प्रार्थी विभिन्न उद्योगों में आसानी से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

## 12 मीटर चौड़े पैदल पुल के अलावा यात्रियों को मिलेगी लिफ्ट की सुविधा

# आदर्श रेलवे स्टेशनः सुधार का 70 फीसदी काम पूरा

- करोड़ों रुपये की लागत से हो रहा है रेलवे स्टेशन का सुधार कार्य
- महेंद्रगढ़ स्टेशन के पुनर्विकास पर खर्च होने है छह करोड़ 59 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** आदर्श रेलवे स्टेशन का भवन। फोटो : हरिभूमि

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य तीव्र गति से चल रहा है और प्रथम चरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। रेलवे स्टेशन के भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेंटिंग एरिया में सौंदर्यीकरण, दोपहिया, चौपाहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, नए टॉयलेट, ब्लॉक्स का निर्माण व स्टेशन का नये भगवन का कार्य करीब 70 प्रतिशत पूरा हो चुका हैं। आने वाले दिनों में रेलवे स्टेशन एक नये लुक में नजर आएगा।

बता दें कि केंद्र सरकार की ओर से देश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सुविधा बढ़ाने का निर्णय लिया गया हैं। अमृत योजना के तहत बीकानेर मंडल के 15 रेलवे स्टेशन पर विभिन्न निर्माण किए जाएंगे। वहीं महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा महेंद्रगढ़, भिवानी, चरखी दादरी व नारनौल रेलवे स्टेशन को भी इस योजना में शामिल किया गया था। प्रथम चरण में छह करोड़ 51 लाख रुपये की लागत के कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों में सर्कुलेटिंग क्षेत्र में यातायात संचालन में सुधार और हरित पट्टी विकसित करना तथा समर्पित पार्किंग स्थान के साथ सर्कुलेटिंग क्षेत्र का सौंदर्यीकरण, स्टेशन भवन के अग्रभाग में सुधार और प्रकाश व्यवस्था के उन्नयन कार्य, वीआईपी कमरे व नए शौचालय ब्लॉक का प्रावधान, आधुनिक फिटिंग के साथ मौजूदा शौचालय ब्लॉकों का नवीनीकरण, प्लेटफॉर्म शेल्टर का प्रावधान और मौजूदा प्लेटफॉर्म शेल्टरों की जीआई शीट का प्रतिस्थापन, मौजूदा स्टेशन भवन का नवीनीकरण, सौंदर्य की दृष्टि से बेहतर चारदीवारी के साथ अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार का प्रावधान आदि कार्य किए जा रहे है।

### वर्ष 1942 में चली थी पहली ट्रेन

बता दें कि वर्ष 1936 में रेवाड़ी-बीकानेर रेलवे लाइन के सर्वे का काम शुरू हुआ था। एक साल बाद वर्ष 1937 में सर्वे का काम पूरा हुआ। वर्ष 1940 में रेवाड़ी से बीकानेर तक मीटर गेज लाइन बिछाई गई थी तथा वर्ष 1942 में दिल्ली से बीकानेर तक पहली मीटर गेज ट्रेन का संचालन किया गया था। वहीं वर्ष 2008 में मीटर से ब्राड गेज लाइन बिछाई गई थी। इसके बाद वर्ष 2020 में रेवाड़ी से सादलपुर तक इलेक्ट्रिक लाइन बिछाने का काम शुरू किया गया था तथा वर्ष 2021 में इलेक्ट्रिक लाइन पर ट्रायल किया गया था, लेकिन अभी तक इस रूट इलेक्ट्रिक ट्रेन का संचालन शुरू नहीं हो पाया हैं।

### टीवी व स्पीकर्स का भी प्रावधान

महेंद्रगढ़ स्टेशन पर कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, जीपीएस आधारित घड़ियां, आउटडोर वीडियो डिस्प्ले यूनिट, टीवी तथा स्पीकर्स का भी प्रावधान इस योजना के अंतर्गत किया गया है। जिन पर लगभग 55 लाख रुपये का व्यय होगा। साथ ही 12 मीटर चौड़े पैदल पुल का भी प्रावधान किया गया है, जिसकी लागत लगभग आठ करोड़ 97 लाख है। इसके अलावा यात्रियों को बैठने के लिए दो टीनशेड का निर्माण लगभग पूरा चुका हैं।